

मयूरपंख
हिंदी पाठ्यपुस्तक
2
AUGMENTED REALITY
(Android Mobile App)
(See back cover for user guide)
हेल्प लाइन



# 1 सूरज जल्दी आना जी

**हमें पता है**

सूरज हमारी धरती पर रोज़ाना धूप लेकर आता है। उसकी धूप से ही हमारे बहुत सारे काम होते हैं। उसी की धूप से हमारे कपड़े सूखते हैं। फल और फ़सल पकने के लिए भी धूप की ज़रूरत होती है। सरदी के दिनों में तो धूप की और भी अधिक ज़रूरत पड़ती है।

**आओ सोचें**

यदि सूरज थोड़ा आलसी हो जाए और आठ-दस दिन में एक बार आए, तो क्या होगा? यदि कभी सूरज अपनी धूप के बदले आपसे कुछ माँगे, तो क्या आप उसे उपहार दे पाएँगे?



एक कटोरी, भरकर गोरी,
धूप हमें भी लाना जी।
सूरज जल्दी आना जी।

जमकर बैठा, यहाँ कुहासा[1],
आर-पार ना दिखता है।
ऐसे भी क्या कभी किसी के,
घर में कोई टिकता[2] है।
सच-सच ज़रा बताना जी,
सूरज जल्दी आना जी।

कल की बारिश में जो भीगे,
कपड़े अब तक गीले हैं।
क्या दीवारें, क्या दरवाज़े,
सब के सब ही सीले[3] हैं।



शब्दार्थ – 1. धुंध, कोहरा 2. रुकना 3. नमी से भरे

छोड़ो आज बहाना जी।
ना-ना-ना-ना, ना-ना जी,
सूरज जल्दी आना जी।

–रमेश तैलंग



हमने सीखा– सूरज हमारे लिए बहुत उपयोगी है।
हमें भी उसकी तरह संसार के लिए उपयोगी बनना चाहिए।

# अभ्यास

## कविता की समझ (Comprehension Skills)

- Listening and Writing Skills
- MCQs
- Oral Expression
- Fill in the Blanks
- Written Expression

1. श्रुतलेख

   सूरज  कुहासा  बारिश  दीवार  जल्दी

2. कविता के अनुसार सही विकल्प पर निशान ✓ लगाइए–

   (क) बच्चे कटोरी में मँगा रहे हैं–

   (अ) दूध ☐  (ब) शहद ☐  (स) धूप ☐

   (ख) घर में टिककर बैठा है–

   (अ) कुत्ता ☐  (ब) कुहासा ☐  (स) बिल्ली ☐

   (ग) बच्चे किससे बहाना छोड़ने के लिए कह रहे हैं?

   (अ) सूरज से ☐  (ब) बादल से ☐  (स) धूप से ☐

3. इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

   (क) बच्चे किसे बुला रहे थे?

   (ख) जमकर कौन बैठ गया था?



4. कविता की अधूरी पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

   (क) एक कटोरी, ____________

   ____________ लाना जी।

   सूरज ____________।





(ख) ऐसे भी ______________,
______________ टिकता है।



5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) बच्चे आर-पार क्यों नहीं देख पा रहे थे?
______________________________

(ख) बारिश के कारण क्या-क्या गीले और सीले थे?
______________________________

(ग) बच्चे इस कविता में क्या कामना कर रहे थे?
______________________________

## मूल्यपरक प्रश्न (Values and Life Skills)

(क) बच्चे सूरज से सच-सच बतलाने के लिए कह रहे हैं। सच बोलना अच्छी आदत है। आप कोई गलती करने पर सच-सच बताते हैं या नहीं?

(ख) प्रकृति ने हमें हवा और पानी के रूप में अनमोल उपहार दिए हैं। हमें इनकी साफ़-सफ़ाई का ध्यान रखना चाहिए या नहीं? इसके लिए हमें क्या-क्या उपाय करने चाहिए?

## भाषा की समझ (Language and Vocabulary Skills)

- Numbers
- New Words
- Words Formation

1. कुछ शब्द एक का बोध कराते हैं और कुछ शब्द अनेक का बोध कराते हैं। एक का बोध कराने वाले इन शब्दों के सामने अनेक का बोध कराने वाले शब्द लिखिए–

(क) कटोरी – **कटोरियाँ** (ख) दीवार – ______________

(ग) दरवाज़ा – ______________ (घ) कपड़ा – ______________

2. कविता में से 'आ' की मात्रा (ा) वाले शब्द चुनकर लिखिए–

आना ______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________ ______________





3. कविता में से तुक वाले शब्द चुनकर लिखिए–

(क) सीले – गीले (ख) नहाना – ________

(ग) आना – ________ (घ) बिकता – ________

## गतिविधियों के आयाम (Dimension of Activities)

- Information Gathering
- Verbal Literacy
- Creative Skills

### 1. विचित्र किंतु सत्य

अकसर लोग कहते हैं– सूर्योदय हो गया, सूर्यास्त हो गया। क्या ऐसा होता है? नहीं। सूरज अपनी जगह पर ही रहता है। पृथ्वी सूरज के चारों ओर चक्कर लगाती है जिससे सूर्योदय और सूर्यास्त होता है। इस संबंध में अपनी शिक्षिका/शिक्षक जी से जानकारी प्राप्त कीजिए।

### 2. लाख टके की बात–डॉक्टर सूरज

चुनमुन की दादी की हड्डियों में दर्द रहता था। डॉक्टर को दिखाने पर पता चला कि उन्हें 'विटामिन डी' की कमी है, जो सूरज की धूप में होता है। हुई न लाख टके की बात, 'सूरज की ताज़ी धूप लीजिए, हड्डियाँ मजबूत कीजिए।'

### 3. आओ रंग भरें

चित्र में रंग भरिए–






# 2 बीरबल बन गए बच्चा

**हमें पता है**

बीरबल की बुद्धिमानी जगत-प्रसिद्ध है। वे समय-समय पर अपनी बुद्धि के द्वारा बादशाह अकबर की अनेक समस्याएँ सुलझाते रहते थे। अपने तर्कों से वे बादशाह अकबर को भी लाजवाब कर देते थे।

**आओ सोचें**

यदि आपकी मुलाकात बीरबल जैसे किसी बुद्धिमान व्यक्ति से हो जाए तो आप उनसे क्या-क्या सवाल पूछेंगे?



बादशाह[1] अकबर अपने दरबार में बैठे थे। सभी दरबारी आ गए थे परंतु बीरबल अभी तक नहीं आए थे। कुछ दरबारी बीरबल से जलते थे। उन्हें अवसर[2] मिल गया। उनमें से एक ने अकबर के कान भरे[3], "बादशाह सलामत! बीरबल आजकल कितने लापरवाह हो गए हैं! उन्हें दरबार की फ़िक्र[4] ही नहीं है, अभी तक नहीं आए।" उसी क्षण बीरबल दरबार में आ गए। अकबर ने उनसे देर से आने का कारण पूछा। बीरबल बोले, "बादशाह सलामत! मैं देर से आने के लिए माफ़ी चाहता हूँ। बच्चे की ज़िद के कारण देर हो गई।"




शब्दार्थ – 1. राजा 2. मौका 3. शिकायत करना 4. चिंता

अकबर ने आश्चर्य[1] प्रकट करते हुए कहा, "आप तो बड़ी-बड़ी उलझनें[2] मिनटों में सुलझा लेते हैं। फिर भी आप बच्चे की ज़िद के आगे हार गए। हम इस बात को नहीं मानते। यदि ऐसा है तो अपनी बात को सच साबित कीजिए।"

अपनी बात को सच साबित करने के लिए बीरबल ने कहा कि वे स्वयं बच्चे की तरह ज़िद करेंगे और बादशाह अकबर को उनकी ज़िद पूरी करनी होगी।


अकबर बीरबल की बात से सहमत हो गए। अब बीरबल बच्चे की तरह रोने लगे। जब अकबर ने उन्हें मनाने की कोशिश की तो बीरबल गन्ना खाने की ज़िद करने लगे। अकबर ने सैनिकों को भेजकर गन्ना मँगवा दिया। अब बीरबल गन्ने को काटकर खाने की ज़िद करने लगे। अकबर ने गन्ने के टुकड़े करवा दिए तो बीरबल फिर से साबुत[3] गन्ना माँगने लगे। अकबर दूसरा गन्ना मँगाने लगे परंतु बीरबल ने पहले वाले गन्ने के टुकड़ों को जोड़कर ही साबुत गन्ना





शब्दार्थ – 1. अचरज 2. परेशानियाँ 3. समूचा, पूरा

बनाने की ज़िद की। यह तो किसी भी तरह संभव नहीं था। बीरबल बच्चे की तरह ज़ोर-ज़ोर से रोकर अपनी ज़िद पूरी करवाने के लिए कहने लगे। अकबर के पास कोई चारा[1] न था। उन्होंने हार मान ली। अब बीरबल शांत हो गए। उन्होंने अपनी बात साबित कर दी थी।



शब्दार्थ – 1. उपाय

हमने सीखा– इस हास्य कहानी से हमने सीखा कि बालहठ को पूरा कर पाना सदैव संभव नहीं होता। बुद्धि और चतुराई से ही अपनी बात को सही साबित किया जा सकता है।

# अभ्यास

## पाठ की समझ (Comprehension Skills)

- Listening and Writing Skills
- MCQs
- Oral Expression
- Who Said to Whom
- Written Expression

1. श्रुतलेख

बादशाह सलामत लापरवाह फ़िक्र आश्चर्य

2. पाठ के अनुसार सही विकल्प पर निशान ✓ लगाइए–

(क) बीरबल को किसकी ज़िद के कारण आने में देर हुई?

(अ) अकबर की ☐ (ब) बच्चे की ☐ (स) दरबारी की ☐

(ख) अपनी बात साबित करने के लिए बीरबल ने किसे बच्चा बनाया?

(अ) अकबर को ☐ (ब) दरबारी को ☐ (स) स्वयं को ☐

(घ) बीरबल के लिए मँगवाया गया-

(अ) खीर ☐ (ब) खिलौने ☐ (स) गन्ना ☐

(ग) अपनी बात किसने सही साबित की?

(अ) अकबर ने ☐ (ब) बीरबल ने ☐ (स) दरबारी ने ☐



3. इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-
   (क) बादशाह अकबर के कान किसने भरे?
   (ख) दरबार में देर से कौन आए थे?
   (ग) बादशाह अकबर ने बीरबल के लिए क्या मँगवाया?
   (घ) अंत में किसने हार मान ली?

4. किसने कहा, किससे कहा?

| | किसने | किससे |
| --- | --- | --- |
| (क) बादशाह सलामत! बीरबल आजकल कितने लापरवाह हो गए हैं। | ______ | ______ |
| (ख) बच्चे की ज़िद के कारण देर हो गई। | ______ | ______ |
| (ग) यदि ऐसा है तो अपनी बात को सच साबित कीजिए। | ______ | ______ |

5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
   (क) एक दरबारी ने बादशाह अकबर से क्या कहा?

   ______________________________

   ______________________________

   (ख) बीरबल ने देर से आने का क्या कारण बताया?

   ______________________________

   ______________________________

   (ग) बादशाह अकबर बीरबल की बात से सहमत क्यों नहीं थे?

   ______________________________

   ______________________________

(घ) बादशाह ने जब बीरबल को चुप कराना चाहा तब क्या हुआ?

______________________________________

______________________________________

(ङ) बादशाह अकबर को अंत में हार क्यों माननी पड़ी?

______________________________________

______________________________________

## मूल्यपरक प्रश्न (Values and Life Skills)

(क) एक दरबारी ने बीरबल की शिकायत बादशाह अकबर से की थी। शिकायत करना बुरी बात होती है। क्या आपने भी कभी ऐसा किया है? यदि हाँ, तो क्यों?

(ख) बीरबल ने बादशाह अकबर से ऊटपटाँग ज़िद की। क्या आप भी अपने माता-पिता से ऐसी ज़िद करते हैं? ऐसा करना ठीक है या नहीं?

## भाषा की समझ (Language and Vocabulary Skills)

- Numbers
- Forms of 'र'
- Opposite Words
- Sentence Formation

1. समझिए और लिखिए–

(क) बच्चा – बच्चे (ख) कच्चा – ________

(ग) पन्ना – ________ (घ) गन्ना – ________

2. 'र' के अनेक रूप होते हैं। इन रूपों वाले शब्द लिखिए–

(क) र – बीरबल – ________ ________ ________

(ख) र्‍ – धर्म – ________ ________ ________

(ग) ्र – प्रसन्न – ________ ________ ________


(घ) ्र – राष्ट्र – ________ ________ ________

3. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए–

(क) आना × जाना (ख) रोना × ________

(ग) जोड़ना × ________ (घ) संभव × ________





(ङ) सच × ______ (च) सहमत × ______

(छ) हार × ______ (ज) शांत × ______

4. इन शब्दों से वाक्य बनाइए–

(क) देर - ______

(ख) चुप - ______

(ग) जवाब - ______

(घ) सहमत - ______

(ङ) कोशिश - ______

(च) ज़िद - ______

## गतिविधियों के आयाम (Dimension of Activities)

- Verbal Literacy
- Creative Thinking and Writing
- Academic Literacy

1. **एक कदम आगे**

बीरबल की तरह ही तेनालीराम की कहानियाँ भी प्रचलित हैं। ऐसी किसी कहानी के बारे में पता करके कक्षा में सुनाइए।

2. **गन्ने के गुण**

हम-आप जो गुड़ या चीनी खाते हैं, वे गन्ने से ही प्राप्त होते हैं। सोचकर बताइए कि गुड़ और चीनी किन-किन चीज़ों में काम आते हैं। अपनी कॉपी में उनकी सूची बनाइए।

3. **छोटे अभिनेता**

अध्यापक/अध्यापिका जी की सहायता से इस कहानी को नाटक के रूप में बदलकर रंगमंच पर खेलिए। अपने-अपने संवाद अच्छी तरह याद कीजिए और उन्हें भावपूर्ण ढंग से बोलने का अभ्यास कीजिए।



# 3 अनोखा पुरस्कार

**हमें पता है**

पुरस्कार का हम सबके जीवन में बहुत अधिक महत्व होता है। भव्या पिछले दो महीने से दौड़ की तैयारी कर रही थी। आइए, देखते हैं कि उसने कौन-सा अनोखा पुरस्कार प्राप्त किया।

**आओ सोचें**

यदि किसी की मदद करने के कारण आप अपनी मनपसंद प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाते हैं तो आपको कैसा महसूस होगा?

भव्या को दौड़ना बहुत पसंद था। जब भी दौड़ की कोई प्रतियोगिता होती तो भव्या उसमें भाग ज़रूर लेती। उसे हमेशा प्रथम पुरस्कार[1] मिलता था। उसके माता-पिता, पड़ोसी, अध्यापक-अध्यापिकाएँ सभी उसपर गर्व करते थे। भव्या दौड़ में जितनी अच्छी थी, उतना ही अच्छा उसका स्वभाव भी था। सबकी सहायता करना उसे अच्छा लगता था।

आज विद्यालय में दौड़ प्रतियोगिता होनी थी। भव्या पिछले दो महीने से पढ़ने के साथ-साथ सुबह-शाम दौड़ लगाकर इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रही थी। दौड़ शुरू




शब्दार्थ – 1. इनाम

ही हुई थी कि अचानक भव्या के साथ दौड़ रही उसकी सहेली नेहा को ठोकर लगी और वह जोर से नीचे गिर गई। उसके घुटने से खून बहने लगा। भव्या रुक गई। वह भागकर नेहा के पास गई। उसे सहारा देकर उठाया और धीरे-धीरे प्राथमिक चिकित्सा कक्ष[1] में ले गई। वहाँ नेहा की मरहम-पट्टी की गई।

जब तक भव्या खेल के मैदान में वापस आई, दौड़ खत्म हो चुकी थी। वह समझ नहीं पा रही थी कि नेहा की मदद करने के लिए खुश हो या दौड़ हार जाने के लिए दुखी हो। ऐसा पहली बार हुआ था कि भव्या ने किसी दौड़ में हिस्सा लिया हो और वह जीती न हो। वह मायूस[2] होकर मैदान में ही खड़ी हो गई। तभी खेल प्रशिक्षक[3] के साथ प्रधानाचार्य भी भव्या के पास आ पहुँचे और उसे जीत की बधाई देने लगे।



भव्या कुछ समझी नहीं। तब खेल प्रशिक्षक ने मुसकराते हुए उसे समझाया कि आज के मुख्य अतिथि[4] ने दौड़ के दो विजेता[5] घोषित किए हैं। पहली दौड़ में जीतने वाली लड़की और दूसरी भव्या, जिसने नेहा की सहायता करके मानवता की दौड़ जीती थी। इस जीत का पुरस्कार भव्या के लिए अनोखा पुरस्कार था।

हमने सीखा- हमें मुसीबत के समय अपना स्वार्थ भूलकर दूसरों की मदद करनी चाहिए।

शब्दार्थ - 1. जहाँ शुरुआती इलाज होता है 2. दुखी 3. सिखाने वाला 4. मेहमान 5. जीतने वाला

# अभ्यास

## पाठ की समझ (Comprehension Skills)

- Listening and Writing Skills
- MCQs
- Oral Expression
- Fill in the Blanks
- Written Expression

1. श्रुतलेख

   प्रतियोगिता पुरस्कार स्वभाव प्राथमिक
   चिकित्सा प्रशिक्षक प्रधानाचार्य अध्यापक

2. **पाठ के अनुसार सही विकल्प पर निशान (✓) लगाइए–**

   (क) भव्या को हमेशा कौन-सा पुरस्कार मिलता था?
   (अ) प्रथम ☐ (ब) द्वितीय ☐ (स) तृतीय ☐

   (ख) विद्यालय में यह प्रतियोगिता होनी थी–
   (अ) निबंध की ☐ (ब) दौड़ की ☐ (स) चित्रकला की ☐

   (ग) यह लड़की ठोकर लगने से गिर गई थी–
   (अ) भव्या ☐ (ब) नव्या ☐ (स) नेहा ☐

3. **इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

   (क) भव्या को क्या पसंद था?
   (ख) दौड़ में कितने विजेता घोषित किए गए थे?

4. **उचित विकल्प चुनकर खाली स्थान भरिए–**

   (क) सबकी ________ करना भव्या को अच्छा लगता था। **(बुराई / सहायता)**
   (ख) नेहा भव्या की ________ थी। **(सहेली / बहन)**
   (ग) भव्या ________ नेहा के पास गई। **(जागकर / भागकर)**
   (घ) मुख्य ________ ने दौड़ के दो विजेता घोषित किए। **(अध्यापक/अतिथि)**
   (ङ) भव्या को ________ पुरस्कार मिला था। **(अनोखा / पहला)**

5. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

   (क) भव्या पर किन्हें गर्व था और क्यों?
   ________________________________
   ________________________________

(ख) भव्या ने दौड़-प्रतियोगिता की तैयारी किस प्रकार की थी?

(ग) भव्या ने नेहा की सहायता किस प्रकार की?

(घ) भव्या ने कौन-सी दौड़ जीती?

## मूल्यपरक प्रश्न (Values and Life Skills)

(क) मुसीबत में किसी के काम आना हमारा कर्तव्य है। क्या आपने कभी मुसीबत में फँसे किसी व्यक्ति या प्राणी की सहायता की है? यदि हाँ तो कब? यदि नहीं तो भविष्य में ऐसा ज़रूर कीजिए।

## भाषा की समझ (Language and Vocabulary Skills)

- New Words Formation
- Synonyms
- Spellings

1. समझिए और तीन-तीन शब्द लिखिए–

(क) ढ़ – पढ़ना ______ ______ ______

(ख) ड़ – दौड़ ______ ______ ______

2. मिलते-जुलते अर्थ वाले शब्दों का मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) अध्यापक | मेहमान |
| (ख) विद्यालय | रक्त |
| (ग) लड़की | पाठशाला |
| (घ) अतिथि | शिक्षक |
| (ङ) खून | बालिका |



3. समझिए और सही शब्दों के सामने निशान (✓) लगाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीत ☐ | जरूर ☐ | विजेता ☐ | जोर ☐ |
| ज़ीत ☐ | ज़रूर ☐ | विज़ेता ☐ | ज़ोर ☐ |

## गतिविधियों के आयाम (Dimension of Activities)

- Verbal Literacy
- Attitude and Values
- Pictorial Literacy
- Analytical Skills

### 1. इन्हें भी जानें



- **प्राथमिक चिकित्सा–** चोट या साधारण बीमारी में तत्काल आराम हेतु किया जाने वाला इलाज
- **प्राथमिक चिकित्सा कक्ष–** वह कमरा, जहाँ शुरुआती इलाज के सभी सामान्य उपकरण व सामान्य दवाइयाँ मौजूद हों
- **प्राथमिक चिकित्सा पेटी–** एक ऐसा बॉक्स, जिसमें पट्टी, कैंची, थर्मामीटर, डेटॉल, जरूरी दवाइयाँ, मरहम आदि हों

### 2. अच्छा कौन?

नीचे कुछ चित्र दिखाए गए हैं। इनमें से कौन-सा काम आपको अच्छा लगता है और कौन-सा बुरा?



____________



____________



____________



____________



____________



____________